कला, संस्कृति एवं युवा विभाग
बिहार विरासत विकास समिति
बुद्धमार्ग, पटना संग्रहालय के उत्तर, पटना– 800 001
दूरभाष–0612–2508445

# निविदा

बिहार विरासत विकास समिति, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार के नियंत्रणाधीन सोसायटी के रूप में गठित विरासत के क्षेत्र में कार्यरत संस्था है। बिहार विरासत विकास समिति, पटना के परिसर की सुरक्षा हेतु 4 सुरक्षा प्रहरी की सेवा उपलब्ध कराने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निबंधित एवं प्रतिष्ठित इच्छुक प्रतिष्ठानों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा निबंधित डाक से प्राप्त करने की अंतिम तिथि–07.07.2025 है। निविदा हेतु विस्तृत जानकारी कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/yac पर देखा जा सकता है।

उप कार्यपालक निदेशक
बिहार विरासत विकास समिति

**बिहार सरकार**

कला, संस्कृति एवं युवा विभाग

बिहार विरासत विकास समिति, पटना

## आउटसोर्सिंग के आधार पर सुरक्षा प्रहरी की सेवा उपलब्ध कराने हेतु निविदा आमंत्रण सूचना

बिहार विरासत विकास समिति, पटना के कार्यालय परिसर की सुरक्षा हेतु 4 सुरक्षा प्रहरी की सेवा उपलब्ध कराने हेतु समिति में आउटसोर्सिंग के आधार पर सेवा उपलब्ध कराने हेतु अनुभवी एजेन्सी से मुहरबंद निविदा दिनांक–7 जुलाई के अपराह्न 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। सुरक्षा प्रहरी के लिए न्यूनतम कद 5' 5" एवं अच्छे स्वास्थ्य का होना अनिवार्य है। उम्मीदवार का अधिकतम आयु 45 वर्ष है, एवं भूतपूर्व सैनिक के लिए इसमें 5 वर्ष की छूट है।

निविदा दो अलग–अलग मुहरबंद लिफाफो में होगी, जिसमें एक लिफाफा पर **तकनीकी निविदा लिफाफा–ए** एवं दूसरे पर **वित्तीय निविदा लिफाफा–बी** अंकित रहेगा। दोनों लिफाफों को एक तीसरी बड़े लिफाफे में मुहरबंद कर प्रेषित करना होगा।

**तकनीकी निविदा लिफाफ–ए में निम्नलिखित कागजात की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है:–**

(1) एजेन्सी/अभिकरण के पास विशेष सचिव, गृह विशेष विभाग, बिहार पटना द्वारा निर्गत वैद्य अनुज्ञप्ति हो। अनुज्ञप्ति में यह भी उल्लेखित हो कि अभिकरण को किन–किन जिलों में कार्य करने की अनुमति प्रदान की गई है। पटना जिला अंकित रहने पर अनुज्ञप्ति की छायाप्रति संलग्न होनी चाहिए।

(2) न्यूनतम तीन सरकारी संस्थानों में सुरक्षा प्रहरी का संतोषप्रद कार्य करने का अनुभव प्रमाण पत्र।

(3) निबंधन प्रमाण–पत्र, अद्यतन आयकर कटौती प्रमाण–पत्र, जी.एस.टी. नं0 एवं पैन कार्ड की छाया प्रति।

(4) रु0 20,000 (बीस हजार रूपये मात्र) का राष्ट्रीय बैंक का बैंक ड्राफ्ट, जो कार्यपालक निदेशक, बिहार विरासत विकास समिति, पटना के नाम से देय एवं पटना में भुगतेय हो संलग्न करना अनिवार्य है।

(5) एजेन्सी/अभिकरण काली सूची में दर्ज नहीं है का नोटरी द्वारा निर्गत शपथ प्रमाण–पत्र संलग्न कराना अनिवार्य है।

(6) निविदा की अवधि एक वर्ष की रहेगी। किन्तु कार्य असंतोषजनक/संतोषजनक रहने के आधार पर अवधि घटाई–बढ़ाई जा सकती है।

**वित्तीय निविदा लिफाफा– 'बी'** में कर्मियों के भुगतान की दर श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार के आलोक में न्यूनतम मजदूरी, ई.पी.एफ आदि के साथ प्रति सुरक्षा कर्मी प्रतिदिन, प्रतिमाह पारिश्रमिक का उल्लेख आवश्यक है, साथ ही एजेन्सी द्वारा अपना शुल्क अंकित करना अनिवार्य है।

दोनों लिफाफों की मुहरबंद कर एक बड़े लिफाफे में कार्यपालक निदेशक, बिहार विरासत विकास समिति, पटना के पते पर निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट/कुरियर द्वारा **दिनांक–7 जुलाई, 2025** के अपराह्न 2.00 बजे तक निश्चित रूप से पहुँच जानी चाहिए। विलम्ब से प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। प्राप्त सभी निविदाओं को कार्यपालक निदेशक, बिहार विरासत विकास समिति, पटना के कक्ष में दिनांक : 7 जुलाई, 2025 के अपराह्न 3.00 बजे समिति के निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी, जिसमें निविदादाता स्वयं या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है। समिति द्वारा चयनित अभिकरण को नियमानुसार कार्यादेश निर्गत किया जायेगा। कार्य संतोषप्रद नहीं होने पर किसी भी समय आवंटित कार्य से मुक्त कर दिया जायेगा।

किसी भी या सभी निविदाओं को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है, जिसके लिए कोई दावा मान्य नहीं होगा।

निविदादाता प्रस्ताव समर्पित करने के पूर्व विशेष जानकारी अथवा कार्य का प्रकृति एवं परिसर का निरीक्षण/अवलोकन हेतु बिहार विरासत विकास समिति, पटना के कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है।

12.06.25

उप कार्यपालक निदेशक

बिहार विरासत विकास समिति

**वित्तीय निविदा (सुरक्षा)**

| क्र. सं. | मानव बल | मात्रा | न्यूनतम मजदूरी | अंकित दर | मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| A. | सुरक्षा प्रहरी (अर्धकुशल) | | | | |
| B. | E.P.F. (नियोक्ता अंशदान) | | | | |
| C. | E.S.I. (नियोक्ता अंशदान) | | | | |
| D. | अन्य खर्च (सामग्री आपूर्ति एवं मशीनों के रख–रखाव) | | | | |
| E. | सेवा शुल्क | | | | |
| F. | कुल योग (GST एवं Labour Cess रहित) | | | | |
| G. | GST+Labour Cess | | | | |
| H. | कुल राशि (प्रति दिन) | | | | |
| I. | कुल राशि (मासिक) | | | | |
| J. | कुल राशि (वार्षिक) | | | | |

12.6.25